संख्या-1938जेड/6-92-99जी0/80

प्रेषक,

श्री आदित्य कुमार गुप्त,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश ।

शासन। अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक: 21 जुलाई, 1992

विषय- स्वतंत्रता की 25वीं वर्षगाँठ के अवसर पर वर्ष 1972 में प्रदेश के विकास खण्ड मुख्यालयों पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के लगाये गये शिलापटों का रख-रखाव ।

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि देश की स्वाधीनता में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा किये गये त्याग एवं बलिदान को दृष्टिगत रखते हुए उनके सम्मान में शासन द्वारा स्वतंत्रता की 25वीं वर्षगाँठ के अवसर पर वर्ष 1972 में प्रदेश के समस्त जनपदों में प्रत्येक विकास खण्ड मुख्यालय पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नामों के शिलापट लगवाये गये थे । शासन के संज्ञान में यह बात आई है कि उक्त शिलापटों में से अब काफी शिलापट क्षतिग्रस्त हो गये हैं एवं उन शिलापटों पर अभी बहुत से सेनानियों के नाम अंकित नहीं हैं । उक्त परिप्रेक्ष्य में शासनादेश संख्या-1422जेड/6-89-99जी0/80, दिनांक 11. 7. 1989 द्वारा कतिपय सूचनायें शासन को उपलब्ध कराने का अनुरोध समस्त जिलाधिकारियों से किया गया था । काफी प्रयास करने के उपरान्त अभी तक केवल 31 जनपदों से विवरण प्राप्त हुये हैं। जो विवरण प्राप्त हुए हैं, वह भी तदर्थ रूप से प्राप्त हुए हैं । राज्य स्तर से इस प्रकार के कार्यक्रम में जहाँ विलम्ब होगा वहीं ठोस प्रस्ताव के अभाव में धनराशि की व्यवस्था करना भी कठिन होगा ।

2. अतः इस विषय में यह निर्णय लिया गया है कि क्षतिग्रस्त शिलापटों की मरम्मत कराने तथा अवशेष सेनानियों के नाम उक्त शिलापटों पर अंकित कराने का दायित्व जिलाधिकारियों के ही विवेक पर छोड़ दिया जाय । यह

--2/

कार्यआप जिला आयोजना अथवा अन्य मद में उपलब्ध धनराशि से आवश्यकतानुसार करा सकते हैं । आपसे अनुरोध है कि कृपया तदनुसार यथोचित कार्यवाही करने का कष्ट करें ।

भवदीय,

(आदित्य कुमार गुप्त)
उप सचिव ।

पृष्ठांकन संख्या-1938(1)/जेड/6-92-99जी0/80, तद्दिनांक

प्रतिलिपि मंत्री, उ0प्र0स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण संस्थान, 39-दरबारी लाल श्यामा मार्ग, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

आज्ञा से,

(आदित्य कुमार गुप्त)
उप सचिव ।